समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 28 September 2026

# NEET पेपर लीक पर राहुल गांधी का BJP पर हमला, बोले- "युवाओं के भविष्य के खिलाफ अपराध"

Sanket Morankar Published on 12 May 2026



NEET 2026 पेपर लीक मामले ने देशभर में बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे पर अब राजनीति भी तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस मामले को लेकर बीजेपी सरकार पर जोरदार हमला बोला है।

देशभर के लाखों छात्र मेडिकल शिक्षा हासिल करने और डॉक्टर बनने के लिए हर साल NEET परीक्षा देते हैं। इस साल भी 3 मई को परीक्षा आयोजित की गई थी। लेकिन परीक्षा के बाद पेपर लीक होने के आरोप सामने आए, जिसके बाद पूरे देश में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए परीक्षा रद्द कर दी गई है और अब इसे दोबारा आयोजित किया जाएगा। साथ ही पूरे मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है।

इसी बीच राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने लिखा, "लाखों छात्रों की मेहनत बीजेपी की भ्रष्ट व्यवस्था की वजह से बर्बाद हो गई।" राहुल गांधी ने आगे कहा कि यह सिर्फ प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य के खिलाफ किया गया अपराध है।

उन्होंने आरोप लगाया कि खराब व्यवस्था और लापरवाही के कारण पेपर लीक जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। राहुल गांधी ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाना चाहिए।

वहीं, परीक्षा रद्द होने के बाद लाखों छात्र असमंजस की स्थिति में हैं। दोबारा परीक्षा कब होगी, इसे लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इससे छात्रों और अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है।

फिलहाल इस पूरे मामले की जांच केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही है। जांच एजेंसियां पेपर लीक के पीछे मौजूद नेटवर्क और

जिम्मेदार लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही हैं। सरकार की ओर से भी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.